भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 60**
उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
सोमवार, 14 माघ 1946 (शक)

**युवाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए एआई का उपयोग**

60. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में युवाओं के लिए एआई से संबंधित नई प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण की आवश्यकता के संबंध में कोई शोध/सर्वेक्षण/अध्ययन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में विगत पांच वर्षों के दौरान विशेष रूप से आंध्र प्रदेश के प्रकाशम और एलुरु जिलों में इन कार्यक्रमों में नामांकित युवाओं की कुल संख्या और शुरू किए गए विशिष्ट एआई कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यवार विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में एआई और कार्यक्रमों के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हों और देश के युवाओं को एआई और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रोजगार योग्य कौशल प्रदान करें, यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) 2015 से अपनी प्रमुख योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना तथा पूर्व शिक्षण की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशल उन्नयन और पुनः कौशल विकास करना है। पीएमकेवीवाई का वर्तमान संस्करण यानी पीएमकेवीवाई 4.0, एआई सहित भविष्य के और नए युग के पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान करने पर केंद्रित है।

पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, 31 दिसंबर 2024 तक, 36,973 उम्मीदवारों को एआई पाठ्यक्रमों में नामांकित किया गया है, जैसे कि एआई - बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट, एआई- डेटा आर्किटेक्ट, एआई - डेटा इंजीनियर, एआई - डेटा क्वालिटी एनालिस्ट, एआई - डेटा साइंटिस्ट, एआई - डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, एआई - डेवऑप्स इंजीनियर, एआई - मशीन लर्निंग इंजीनियर, एआई - सॉल्यूशन आर्किटेक्ट, एआई एंड एमएल - जूनियर टेलीकॉम डेटा एनालिस्ट और एआई डिवाइस इंस्टॉलेशन ऑपरेटर। दिनांक 31.12.2024 तक पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत एआई जॉब रोल्स में नामांकित उम्मीदवारों की राज्यवार संख्या और संबंधित निधि वितरण विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है। आंध्र प्रदेश में पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत एआई जॉब रोल में नामांकित उम्मीदवारों की जिलावार संख्या **अनुबंध II** में दी गई है।

इसके अलावा, एमएसडीई के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने माइक्रोसॉफ्ट और एडुनेट फाउंडेशन के सहयोग से क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम (सीटीएस) के तहत एक वर्षीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एआईपीए) कोर्स को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 504 प्रशिक्षुओं की कुल क्षमता वाले 19 एनएसटीआई में लागू किया है। इन एनएसटीआई में कुल 442 प्रशिक्षुओं को प्रवेश दिया गया है। इसके अलावा, उद्योग और शैक्षणिक विशेषज्ञों के सहयोग से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सभी सीटीएस प्रशिक्षुओं के लिए 7.5 घंटे का माइक्रो-क्रेडेंशियल कोर्स, “आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का परिचय” विकसित किया गया है।

भारत सरकार ने इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य एआई पारिस्थितिकी तंत्र में मौजूदा अंतराल को पाटने के लिए एक व्यापक और सुसंगत रणनीति तैयार करना है। यह मिशन सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, जिसमें इंडियाएआई फ्यूचरस्किल्स पहल शामिल है, जिसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) पूरे भारत में स्नातक और स्नातकोत्तर एआई कार्यक्रमों तक पहुँच का विस्तार करने के लिए काम कर रहा है। फ्यूचरस्किल्स का उद्देश्य क्षेत्र में उच्च शिक्षा के सभी स्तरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एआई शिक्षा में बाधाओं को कम करना भी है।

एमईआईटीवाई ने नेस्कॉम के साथ मिलकर “फ्यूचरस्किल्स प्राइम” नामक एक कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित नई/उभरती प्रौद्योगिकियों में उम्मीदवारों को फिर से कौशल प्रदान करना/अप-स्किलिंग करना है। फ्यूचरस्किल्स डिजिटल कौशल प्रशिक्षण के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के रूप में उपलब्ध है, जिसे https://futureskillsprime.in/ पर होस्ट किया गया है। इस प्लेटफ़ॉर्म पर, उम्मीदवारों को उनकी योग्यता और आकांक्षाओं के अनुरूप, कभी भी, कहीं भी सीखने की सुविधा के लिए प्रीमियम सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम के तहत, आईटी-आईटीईएस सेक्टर स्किल्स काउंसिल (एसएससी) नेस्कॉम प्रमुख कार्यान्वयन एजेंसी है। इसके अलावा, 10 उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए 22 सी डैक/एनआईईएलआईटी केंद्रों को लीड और को-लीड रिसोर्स सेंटर (आरसी) के रूप में समूहीकृत किया गया है।

फ्यूचरस्किल्स प्राइम कार्यक्रम के तहत लगभग 20.9 लाख उम्मीदवारों ने फ्यूचरस्किल्स प्राइम पोर्टल पर साइन अप किया है। अब तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 8.96 लाख नामांकन दर्ज किए गए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश से 1.13 लाख नामांकन शामिल हैं। इनमें से 4.34 लाख उम्मीदवारों ने सफलतापूर्वक अपने पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं, जिनमें 1.68 लाख उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने एआई और बिग डेटा एनालिटिक्स में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। वर्तमान में, यह प्लेटफ़ॉर्म एआई और बिग डेटा एनालिटिक्स में 157 पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसके अलावा, सी-डैक/एनआईईएलआईटी केंद्रों ने कार्यक्रम के तहत 2,994 सरकारी अधिकारियों और प्रशिक्षकों को एआई में प्रशिक्षित किया है।

एमईआईटीवाई ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और एमईटीए के साथ मिलकर "कौशल और क्षमता निर्माण के लिए युवाआई पहल" शुरू की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 18-30 वर्ष की आयु के छात्रों और युवा डेवलपर्स को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने के लिए ओपन-सोर्स लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाकर देश में एआई प्रतिभा की कमी को दूर करना है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि एआई और तकनीकी क्षेत्र का प्रशिक्षण उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हो और रोजगार योग्य कौशल प्रदान करे, कई सक्रिय कदम उठाए गए हैं। भारत सरकार की योजनाओं जैसे कि शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस), पीएमकेवीवाई 4.0 और फ्यूचरस्किल्स प्राइम के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाते हैं और उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के परामर्श से नियमित रूप से उन्नत किए जाते हैं ताकि कुशल जनशक्ति की बढ़ती मांगों को पूरा किया जा सके।

**अनुबंध I**

**दिनांक 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 60 के भाग (क से घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

31.12.2024 तक पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत एआई जॉब रोल में नामांकित उम्मीदवारों की राज्यवार संख्या और संबंधित निधि वितरित विवरण नीचे दिया गया है:

| | **वित्तीय वर्ष-23-24** | | | **वित्तीय वर्ष-24-25** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **नामांकित** | **प्रशिक्षित / उन्मुख** | **वितरित राशि (लाख रुपए में)** | **नामांकित** | **प्रशिक्षित / उन्मुख** | **वितरित राशि (लाख रुपए में)** |
| 1. आंध्र प्रदेश | 1,452 | 52 | 49.38 | 530 | 1,735 | 32.19 |
| 2. अरुणाचल प्रदेश | 30 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 |
| 3. असम | 260 | 0 | 4.49 | 0 | 214 | 0.00 |
| 4. बिहार | 590 | 0 | 0.00 | 2,051 | 2,055 | 10.69 |
| 5. गुजरात | 572 | 0 | 3.43 | 60 | 572 | 20.90 |
| 6. हरियाणा | 1,073 | 0 | 10.50 | 122 | 884 | 38.45 |
| 7. हिमाचल प्रदेश | 81 | 0 | 0.00 | 59 | 104 | 0.00 |
| 8. जम्मू और कश्मीर | 1,697 | 0 | 27.06 | 239 | 1,634 | 60.18 |
| 9. कर्नाटक | 1,117 | 0 | 4.37 | 10,662 | 1,230 | 13.10 |
| 10. केरल | 244 | 0 | 7.54 | 230 | 221 | 0.12 |
| 11. मध्य प्रदेश | 1,075 | 0 | 12.74 | 465 | 796 | 22.99 |
| 12. महाराष्ट्र | 1,012 | 0 | 16.37 | 550 | 902 | 18.94 |
| 13. ओडिशा | 758 | 157 | 1.51 | 178 | 513 | 12.91 |
| 14. पंजाब | 551 | 19 | 9.46 | 235 | 491 | 2.41 |
| 15. राजस्थान | 1,163 | 30 | 29.48 | 153 | 966 | 28.40 |
| 16. तमिलनाडु | 1,950 | 81 | 49.09 | 1,046 | 2,109 | 52.70 |
| 17. तेलंगाना | 1,653 | 0 | 37.29 | 1,143 | 1,726 | 24.57 |
| 18. त्रिपुरा | 0 | 0 | 0.00 | 60 | 0 | 0.00 |
| 19. उत्तर प्रदेश | 2,596 | 0 | 31.66 | 485 | 2,561 | 68.87 |
| 20. उत्तराखंड | 684 | 0 | 2.32 | 147 | 722 | 9.53 |
| **योग** | **18,558** | **339** | **296.69** | **18,415** | **19,435** | **416.92** |

**अनुबंध II**

**दिनांक 03.02.2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 60 के भाग (क से घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

आंध्र प्रदेश में पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत एआई जॉब रोल में नामांकित उम्मीदवारों की जिलावार संख्या, 31.12.2024 तक, नीचे दी गई है:

| | **वित्तीय वर्ष-23-24** | **वित्तीय वर्ष - 24-25** | **योग** |
|---|---|---|---|
| 1. अनाकापल्ली | 40 | 40 | 80 |
| 2. अन्नमय्या | 49 | 0 | 49 |
| 3. पूर्वी गोदावरी | 60 | 0 | 60 |
| 4. एलुरु | 0 | 0 | 0 |
| 5. कृष्ण | 164 | 119 | 283 |
| 6. नांदयाल | 120 | 0 | 120 |
| 7. प्रकाशम् | 0 | 0 | 0 |
| 8. एसपीएसआर नेल्लोर | 589 | 240 | 829 |
| 9. तिरुपति | 0 | 45 | 45 |
| 10. विशाखापत्तनम | 290 | 60 | 350 |
| 11. विजयनगरम | 140 | 0 | 140 |
| 12.वाई.आर.एस. | 0 | 26 | 26 |
| योग | 1,452 | 530 | 1,982 |

*****